**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 10.01.2025 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि प्रवासी भारतीय हमारे देश की सर्वश्रेष्ठ पहचान हैं।
- फरारगंज तहसील के अंतर्गत होपटाउन ग्राम पंचायत के उप–चुनाव को देखते हुए दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने बारह और पन्द्रह जनवरी को ड्राई डे घोषित किया है।
- राजकीय माध्यमिक विद्यालय चैनपुर में आज निपुण मेला का आयोजन किया गया।
- उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ दो हजार पच्चीस को समर्पित आकाशवाणी का कुंभवाणी चैनल का शुभारंभ किया।
- लिटिल अंडमान में व्यापक ब्लॉक पंचायत विकास योजना बनाने की रणनीतियों पर खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**<><><><><><><>**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज ओडिशा में भुवनेश्वर के जनता मैदान में आयोजित अट्ठारहवें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय हमारे देश की सर्वश्रेष्ठ पहचान हैं। वे अपने साथ न केवल इस पवित्र भूमि में अर्जित ज्ञान और कौशल लेकर आए हैं, बल्कि मूल्य और लोकाचार भी लेकर आए हैं, जो सदियों से हमारी सभ्यता की नींव रहे हैं। चाहे वह प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, कला या उद्यमिता का क्षेत्र हो, प्रवासी भारतीयों ने अपनी ऐसी छाप छोड़ी है जिसे दुनिया स्वीकार करती है और सम्मान देती है। संबोधन से पहले राष्ट्रपति ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रवासी भारतीयों को प्रवासी भारतीय सम्मान से सम्मानित भी किया। इससे पहले राष्ट्रपति ने हाथ से बुनी हुई साड़ियों, महीन कारीगरी और अन्य पारंपरिक उत्कृष्ट कलाओं का प्रदर्शन करने वाले ओडिशा मंडप सहित विभिन्न मंडपों का दौरा किया। इन मंडपों का उद्देश्य विश्व के दर्शकों के समक्ष ओडिशा की समृद्ध संस्कृति का उत्सव मनाना और अपने कलाकारों तथा शिल्पकारों को प्रोत्साहित करना है।

**<><><><><><><>**

फरारगंज तहसील के अंतर्गत होपटाउन ग्राम पंचायत के उप–चुनाव को देखते हुए दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त ने बारह और पन्द्रह जनवरी को ड्राई डे घोषित किया है। इस दौरान किसी भी शराब की दुकान, होटल, रेस्तरां, क्लब, शराब बेचने वाले प्रतिष्ठानों को शराब बेचने या परोसने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा अनिडको, सी एस डी कैन्टीन, सभी सैन्य कैन्टीन, पुलिस मेस और निजी बार लाइसेंसधारियों पर भी यह नियम लागू होगा।

<><><><><><><>

मत्स्य निदेशालय द्वारा द्वीपसमूह में मत्स्य पालन के व्यापक विकास पर एक मसौदा नीति तैयार किया गया है। आम जनता और मत्स्य पालन से जुड़े हितधारकों से सुझाव और टिप्पणियां मांगे गए हैं। मसौदा नीति प्रशासन की वेबसाइट पर उपलब्ध है। सुझाव और टिप्पणियां निर्धारित प्रपत्र में मत्स्य विभाग के निदेशक के पते पर लिखित रूप से या मेल के माध्यम से तीस दिनों के भीतर जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><><>

राजकीय माध्यमिक विद्यालय चैनपुर में आज निपुण मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन चैनपुर ग्राम पंचायत प्रधान जॉनसन केरकेट्टा ने किया। इस अवसर पर अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक नित्यानन्द हलदार विशिष्ट अतिथि और एस एम सी के सदस्य गोलक हलदार सम्माननीय अतिथि के रूप मे उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व प्राथमिक विद्यार्थियों से लेकर कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों में आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता पर जानकारी देना था। इस दौरान साक्षरता और अंक गणित पढ़ने के साथ–साथ लेखन के नवीन तरीकों पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। कार्यक्रम में खान–पान के स्टॉल और शिल्प वस्तुओं का भी प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों, प्राथमिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ दो हजार पच्चीस को समर्पित आकाशवाणी का कुंभवाणी चैनल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि कुम्भवाणी चैनल दूर–दराज के गांवों तक महाकुम्भ की आध्यात्मिक संदेश को प्रसारित करेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ एकता का संदेश फैलाता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा कुम्भ

मंगल धुन का भी शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन वर्चुअल रूप से शामिल हुए। प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉ. नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि प्रसार भारती ने दूरदर्शन और आकाशवाणी के जरिए महाकुम्भ के सीधे प्रसारण के लिए व्यापक प्रबंध किए हैं। कुंभवाणी चैनल के माध्यम से अमृत स्नान की लाइव कमेंट्री प्रसारित की जाएगी। "आकाशवाणी का कुंभवाणी चैनल आज से छब्बीस फरवरी तक प्रतिदिन सुबह पांच बजकर पचपन मिनट से रात्रि के दस बजकर पांच मिनट तक महाकुंभ की हर गतिविधि पर आधारित कार्यक्रम प्रसारित कर रहा है। यह कार्यक्रम एक सौ तीन दशमलव पांच मेगाहट्र्ज फ्रीक्वेंसी पर उपलब्ध रहेंगे। इनमें विशेष कुंभ समाचार, महाकुंभ की हर महत्वपूर्ण गतिविधि पर आंखों देखा हाल भारत की सांस्कृति की विरासत पर विशेष कार्यक्रम शामिल हैं। इसके अलावा नमस्कार प्रयागराज, संगम तट से लाइव टॉक शो, श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य परामर्श, यात्रा से जुड़ी जानकारी, खोया–पाया और स्वच्छता जैसे विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। कुंभवाणी चैनल न्यूज़ ऑन एयर ऐप और वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध हैं।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित चिन्मय मिशन की ओर से कल अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर विशेष भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम साढ़े पांच बजे से आरंभ होगा।

<><><><><><><>

लिटिल अंडमान के सी डी ब्लॉक की ओर से एक व्यापक ब्लॉक पंचायत विकास योजना बनाने की रणनीतियों पर खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत क्षेत्र के पंचायत समिति हॉल में आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन लिटिल अंडमान पंचायत समिति के उप–प्रमुख राजा ने किया। खंड विकास अधिकारी बेलथाज़ेर ने ब्लॉक पंचायत विकास योजना और ग्राम पंचायत विकास योजना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राज्य कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद आरिफ ने ब्लॉक पंचायत विकास योजना तैयार करने की रूपरेखा और सरकारी योजनाओं को एकीकृत करने पर चर्चा की। कार्यक्रम में ब्लॉक योजना समिति और पंचायत समिति के सदस्यों सहित स्थानीय अधिकारी शामिल थे।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से पथ संचालन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम कल शाम तीन बजे से लम्बा लाईन के विवेकानन्द केन्द्र से शुरू होकर शहर के विभिन्न भागों से होते हुए अंडमान क्लब में पहुंचकर सम्पन्न होगा।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला प्रशासन ने भूमि राजस्व नियमों का उल्लंघन करते हुए अवैध खनन और पत्थरों के अनाधिकृत परिवहन पर उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की है। निरीक्षण के दौरान राजस्व अधिकारियों को साउथ प्वाइंट में मिट्टी की अवैध कटाई और परिवहन का पता चला। उल्लंघनकर्ताओं पर अट्ठारह हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा एक अन्य निरीक्षण में बिना ट्रांसिट पास के पत्थरों का परिवहन करने वाले दो ट्रकों पर चौरासी हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया। ज़िला उपायुक्त ने आम जनता को ऐसी अवैध गतिविधियों से दूर रहने को कहा है।

<><><><><><><>

छोलदारी उप–संभाग के अंतर्गत काला पत्थर क्षेत्र में रखरखाव का कार्य किए जाने के कारण कल कुछ भागों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। कटौती सुबह आठ बजे से दिन में ग्यारह बजे तक की जाएगी। प्रभावित क्षेत्रों में सीपीघाट, छोलदारी, पोर्टमोट, ओग्राब्रांज, टुसनाबाद, नमूनाघर, मीठाखाड़ी, हाथी टापू, डंडस प्वाइंट और तिरूर शामिल हैं। यह कार्य मौसम पर निर्भर करेगा।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक  श्री विजयपुरम में अट्ठारह दशमलव एक मिलीमीटर, हटबे में चौदह दशमलव चार, और ननकौड़ी में तीन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><><>